सार-समाचार

नदी में बहे युवक का शव मिला

डूंगरपुर, (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के भानासीमल गांव में वात्रक नदी के तेज बहाव में बहे युवक का तीसरे दिन शव मिला है। घटनास्थल से एक किमी दूर से शव को बाहर निकाला गया। शव को सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। चौरासी थानाधिकारी ने बताया कि भानासीमल निवासी नाथू पुत्र लक्ष्मण ननोमा पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। नदी पर बनी पुलिया को पार करते समय नाथू पानी के तेज बहाव में बह गया। उस समय पुलिया पर ढाई फीट तक पानी चल रहा था। घटना के बाद गांव के लोग इकट्ठे हो गए। चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुट गई। 2 दिन तक आधा किमी का एरिया सर्च करने के बाद गुरुवार को एसडीआरएफ की टीम आगे तक तलाशी में जुट गई। पुलिया से करीब 1 किमी दूर शव पानी में डूबा हुआ मिला। एसडीआरएफ की टीम ने शव को पानी से बाहर निकाला। शव की पहचान होने के बाद उसे सीमलवाडा हॉस्पीटल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। युवक गुजरात में सेंटिंग कारीगर था। उसके पांच बच्चे हैं। युवक की मौत के बाद बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

अर्धनग्न हालत में युवक ने किया हंगामा

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में कलेक्ट्रेट के सामने अर्धनग्न हालत में एक युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक ने सडक पर बैरिकेड्स लगाकर रास्ता बंद कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी उसकी हरकतें देखता रहा। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। युवक मानसिक तौर बीमार बताया जा रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार रात के समय उदयपुर रोड पर एक युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक ने कलेक्ट्रेट के सामने रखे हुए बैरिकेड्स खींचकर बीच सडक पर लगाकर रास्ता बंद कर दिया। वह गाली गलौच कर हंगामा करता रहा। इस दौरान मौजूद एक पुलिसकर्मी भी बदमाश युवक की हरकतें देखता रहा। वहीं, युवक को हंगामा करता देख आने-जाने वाले लोग भी सहम गए। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर अर्धनग्न हालत में हंगामा कर रहे युवक को हिरासत में ले लिया। वहींए सडक पर रखे बैरिकेड्स को भी हटाकर रास्ता खुलवाया। थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया की हंगामा कर रहे युवक को हिरासत में लिया है। युवक मानसिक रूप से बीमार लग रहा है। उसके परिजनों का भी पता लगाया जा रहा है।

ग्रामीण क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे

मावली, (निसं)। मावली की हर पंचायत के खेतों में पानी पहुंचाने के लिए किसानों के महापड़ाव के दूसरे दिन गुरुवार को चंदेसरा व नउआ ग्राम पंचायत के ग्रामीण क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे।किंग सेना मातृभूमि धर्म संघ की ओर से डाले गए इस महापड़ाव में किसानों ने कहा कि मावली के दाएं और बाएं दोनों ओर से उदय सागर व बनास नदी से पानी होकर बीसलपुर जयपुर और यमुना नदी तक जा रहा है लेकिन यहां की धरती प्यासी रही है। राजस्थान सरकार ने उदय सागर- बागोलिया नहर के लिए 190 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं लेकिन इससे मावली की हर पंचायत के खेतों में पानी नहीं पहुंच पाएगा। मावली के हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए माही बांध का पानी जयसमंद, उदय सागर होते हुए बागोलिया नहर तक पहुंचाना होगा। ग्रामीणों ने शाम को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। गुरवार को मीठालाल नरसिंगावत, रमेश चंद अकावत, ताराचंद भीमावत, गहरी लाल शर्मा, सुरेश अकावत, रमेश भावत, सोहनलाल अकावत, गहरी लाल जोशी, दुर्गेश भावत, गौतम कानावत, राकेश गोपावत, सुरेश डांगी, राजू सेन, भँवर लाल भील, रेवा शंकर पुरोहित, खेली लाल पुरोहित, सोहन भानावतआदि क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे.

भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

भीम, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मंडल भीम की कार्य समिति, एवं जन सुनवाई की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश स्तर पर चल रहे भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्र एवम प्रत्येक बूथ पर मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष बूथ पर जाकर प्रत्येक बूथ पर 200 से अधिक सदस्य बनाने का संकल्प लिया। एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं को सुना एवं समस्याओं का निस्तारण करने का निर्णय लिया।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नारायण सिंह ने की। मुख्य अतिथि भीम प्रधान बीरम सिंह,विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य नरेंद्र बागड़ी, पूर्व जिला प्रमुख प्रवेश सालवी, वरिष्ट उपाध्यक्ष फतेह सिंह जी,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीम किशोर सिंह बग्गड,युवा मोर्चा अध्यक्ष खुमान सिंह,पंचायत समिति सदस्य महेंद्र सिंह,महामंत्री वीरम सालवी, महामंत्री बाबू सिंह, गोपालसिंह पटेल, बालू सिंह, देवेंद्र सालवी, रोशन सालवी एवम बूथ अध्यक्ष भीम सिंह, घीसा सिंह,बाबू सिंह, भैरू सिंह व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक शिविर का आयोजन

भीम, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक शिविर का आयोजन प्रधान मोहन सिंह द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ शुरू किया गया । इस अवसर पर सभी स्वयंसेवक छात्राओं ने विद्यालय में फुलवारी का निर्माण कर एक दिन एक दिवसीय शिविर का समापन किया गया उप प्राचार्य जगदीश चंद्र कलाल ने बताया कि इस शिविर में कक्षा 11 में 12 की 100 बालिकाओं ने भाग लिया और लगभग सो पौधे लगाए गए क्यारी बनाकर तथा गमले में पौधे लगाकर गमले में मिट्टी पर कर शिविर का आयोजन किया गया अंत में सभी को नाश्ता करवा कर शिविर का समापन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के गोपाल सिंह दिलीप सिंह मनी लता विश्नोई नीलम कुमारी गोपीलाल जोत सिंह विकास मंजू डोडा वैशाली सिंह आदि मौजूद रहे।

87 किलो डोड़ा चूरा से भरा ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने 2.80 लाख रुपए के डोड़ा चूरा से भरा एक ट्रक को पकड़ा है। ट्रक से 87 किलो से ज्यादा डोडा चूरा बरामद किया है। जिसे तस्करी कर गुजरात ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ड्राइवर सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। स्टोन पाउडर और एल्यूमीनियम वेस्ट की आड में तस्करी हो रही थी।

जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने बताया की अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

■ **स्टोन पाउडर और एल्यूमिनियम वेस्ट की आड़ में हो रही थी तस्करी**

इसी के तहत गुरुवार को बिछीवाडा थानाधिकारी कैलाश सोनी समेत पुलिस टीम की ओर से राजस्थान गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर दी गई। उदयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक को रुकवाया। ड्राइवर राजेंद्र सिंह पुत्र शंकर सिंह सिसोदिया, निवासी जसपुरा पुलिस थाना डबोक जिला उदयपुर और साथी ओंकारलाल पुत्र शंकरलाल गाडरी निवासी मोगाजी का खेडा पुलिस थाना भिंडर उदयपुर बताया।

पूछताछ में दोनों ने स्टोन पाउडर और एल्यूमीनियम वेस्ट भरा होना बताया। संदेह होने पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। इस दौरान स्टोन पाउडर और वेस्ट की आड में नीचे की तरफ कट्टो में डोडा चूरा भरा हुआ मिला। दोनों ही आरोपी अवैध रूप से गुजरात में नशे की तस्करी कर रहे थे।

इस पर पुलिस ने ड्राइवर रहे राजेंद्रसिंह और साथ ओंकारलाल को गिरफ्तार कर लिया। डोडा चूरा का वजन करने पर 87 किलो 480 ग्राम मिला। जिसकी बाजार कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने स्टोन पाउडर व एल्यूमीनियम वेस्ट की आड़ में तस्करी करते डोडा चूरा से भरा ट्रक जब्त किया।

गढबोर चारभुजानाथजी मेले की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

राजसमन्द, (निसं)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने गुरुवार को गढबोर चारभुजानाथजी मंदिर में 14 सितंबर को जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल मेले को लेकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि यह मेला जिले के सबसे बडे आयोजनों में से एक है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। कलक्टर ने पार्किंग स्थल, भजन संध्या स्थल, मेला प्रांगण, मंदिर प्रांगण और दूध तलाई सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने श्रद्धालुओं के आगमन और प्रस्थान के लिए विविध मार्गों की व्यवस्थाओं को भी देखा। कलक्टर चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जल आपूर्ति, साफ-सफाई, यातायात संबंधी आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

जन्म उत्सव कार्यक्रम मनाया

कपासन, (निसं)। परिसर में सरपंच अध्यक्ष प्रकाश चौधरी के सानिध्य में सरपंच संघ की ओर से सरपंच शान्ति लाल डांगी का जन्म उत्सव कार्यक्रम मन्त्रोंचार के साथ उपरना पहनाकर मुंह मिठा कर मनाया गया इस अवसर पर विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल, सरपंच संघ के सदस्य रतन नाथ योगी, विष्णु हेडा, उदयराम जाट रामेश्वर जाट आदि मौजूद रहे।

मां की श्रेष्ठ समाज निर्माण में अहम भूमिका रहती है : विमल चौबीसा

बांसवाड़ा, (निसं)। विद्या निकेतन बालिका उमावि भारत नगर में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या चंद्रिका शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा पार्वती वर्मा, गायत्री पटेल और पुष्पा सैनी के विशिष्ट आतिथ्य में मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पार्वती वर्मा ने बालिका के सर्वांगीण विकास में मां की भूमिका से अवगत कराया।

मुख्य वक्ता विमल चौबीसा ने कहा कि विद्या निकेतन बालिका विद्यालय नगर का एक मात्र बालिकाओं का निजी क्षेत्र का विद्यालय है जहां

■ **विद्या निकेतन बालिका उमावि में हुआ मातृ सम्मेलन**

बालिकाओं को शिक्षा के अतिरिक्त जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं का सामना करने के गूर शिक्षा के माध्यम से सिखाये जाते हैं वहीं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय समय-समय पर कुछ ऐसे वर्गों का आयोजन भी करता है जिसमें बालिका अपने घर और माता-पिता से दूर दो-तीन दिन वर्ग में रहकर दैनिक दिनचर्या के काम सिखती हैं जिससे जीवन में कभी कोई समस्या हो तो उसका सामना वह कर सकें। उन्होंने कहा कि जीवन में मां का दर्जा ईश्वर से भी ऊंचा है मां की श्रेष्ठ समाज निर्माण में अहम भूमिका रहती है। इस अवसर पर मातृशक्ति की नींबू चम्मच रेस और कुर्सी दौड हुई जिसमें विजेता और उपविजेता रहे ज्योति दवे, कोकिला डामोर, भव्या जोशी, प्रिया व्यास, नेहा जोशी व चेतना को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था प्रधान ममता अधिकारी ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जबकि आभार दीपिका शुक्ला ने माना। प्रचार प्रसार प्रमुख धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में दीपिका शुक्ला, साधना जोशी, कविता जोशी, पुष्पा कुशवाहा और उमा वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

मातृ सम्मेलन में मातृशक्ति की नींबू चम्मच रेस और कुर्सी दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

सार-समाचार

सीईटी सेंटर जिले में देने की मांग

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्र संघ जिला शाखा की ओर से संरक्षक मनोहर खडिया, छात्रसंघ जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा व वरिष्ठ छात्र नेता अरविंद डामोर के नेतृत्व में सीईटी सेंटर जिले में देने की मांग को लेकर जिला कलक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री व बोर्ड अध्यक्ष को ज्ञापन भेजा गया। मनोहर खडिया ने बताया कि संभाग मुख्यालय होने के बावजूद भी यहां सेंटर नहीं दिया गया जिससे बेरोजगार युवाओं में रोष है। जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा व अरविन्द डामोर ने बताया कि अन्य जिलों में सेंटर देने से युवाओं को समय के साथ-साथ ही आर्थिक परेशानियों का सामना करने को भी विवश होना पडेगा ऐसे में युवाओं के हित में जिले में सेंटर स्थापित कर राहत प्रदान की जाये। इन लोगों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार युवाओं के हित में शीघ्र फैसला नहीं लेती है तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। छात्र संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र डोडियार ने बताया कि विरोध जताते वालों में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आसिफ खान, पूर्व संगठन मंत्री निकेश चरपोटा, विकास मईडा, विनोद निनामा, रिकलेस डामोर, रेणुका डामोर, अर्पिता, सुशील मईडा, भवानी सिंह, कल्पना, भवानी मीना, चंपा, अनिल, राकेश, सुनील सहित युवा शामिल रहे।

दो को बालश्रम से मुक्त कराया

डूंगरपुर, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर डूंगरपुर जिले की आसपुर क्षेत्र में 14 से 16 साल के बच्चों से बालश्रम कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक पिंकी मीणा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के नेतृत्व में केस वर्कर बलदेव परमार ने इसकी सूचना पुलिस व संबंधित विभाग को दी जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयु पुलिस व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर जिले में आसपुर क्षेत्र के पुंजपुर गांव में जयमहा काली बाइक सर्विस से एक बालक और गायत्री ट्रेडर्स बांसवाडा रोड आसपुर से एक बालक को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। इनकी अग्रिम सहायता के लिए इन्हें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन, सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से बच्चों को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थाई आश्रय प्रदान किया गया। साथ ही बाल कल्याण समिति द्वारा नियोक्ता के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर एएचटीयु पुलिस से अशोक मीणा, बलदेव सिंह, हर्षवर्धन सिंह व सृष्टि सेवा समिति से राजेन्द्र कटारा सहित अन्य मौजूद रहे।

गणपति मंदिर में हुई भजन संध्या

बांसवाड़ा, (निसं)। श्रीमद् भागवत समिति की ओर से श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर में भजन संध्या की गयी। जिसमें मुकुन्द नागर ने जय-जय मंगल मूर्ति गणेश जननी मिरिजा जनक गणेश, सुरेश पंड्या ने गजानन्द तुम्हारा गुणगान करूंगा, राधा ढूंढ रही, राकेश भट्ट ने मैं तो जपूं सदा तेरा नाम गजानन्द दया करो, नयन नागर ने गणेश ऊं कहो गणेश, संदीप पंड्या ने अब राधे रानी दे डारो बंसी मोरी जो बंसी, हाटकेश झा ने जहां ले चलोगे वहीं पर चलूंगा, सोनिया वैष्णव ने ऋद्धि-सिद्धि के दाता भजन की प्रस्तुति दी। वाद्ययंत्रों पर नयन नागर, संदीप पंड्या, जयप्रकाश ने संगत की। इस अवसर पर समिति के आजीवन सदस्य बसन्त भाई पंचाल का अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि लीगल एडवाइजर अधिवक्ता कृष्णकांत उपाध्याय व मनोज सिंह चौहान रहे जबकि अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील दोसी ने की एवं विशिष्ट अतिथि शिवकरण शाह रहे। अतिथियों का स्वागत संयोजक धरणीधर पंड्या, सह संयोजक नगेन्द्र चावलवाला, देवेन्द्र शाह, विनय भट्ट आदि ने किया। विग्रह का श्रृंगार पुजारी पं. कालूदास बैरागी ने किया। संचालन डॉ. दीपक द्विवेदी ने किया। इससे पूर्व पं. विनय भट्ट के आचार्यत्व में महापूजा की गयी। इस अवसर पर मेघा यश सराफ, यशवन्त दोसी, राजीव सराफ, राहुल सराफ तथा मण्डल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

डूंगरपुर, (निसं)। इको फ्रेंडली श्री गणेश घाँटी नवयुवक मंडल, घांटी डूंगरपुर व उडान ओपन-माइक के संयुक्त तत्वावधान में सभी उम्र के लोगों हेतु भव्य सांस्कृतिक व मनोरंजनात्मक कार्यक्रम शक्रवार को आयोजित किए जाएंगे। मंडल प्रवक्ता दक्ष शर्मा ने बताया कि शक्रवार को सुबह 10 बजे से सभी वर्ग के बालकोंए महिलाओं व पुरुषों हेतु चित्रकला, मेहंदी, कुर्सी रेस व गरबा रास का आयोजन किया जाएगा। जिसमे मंडल के द्वारा चाय व अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। इसी दिन शाम को छह बजे से खुले मंच पर नृत्य, कविता, गीत, सिंगिंग, रैपिंग, बीट बॉक्सिंग, माउथ ऑर्गनए व स्टैंडअप कॉमेडी सहित अन्य भव्य कार्यक्रम होंगे।इसी क्रम में पुराना बस स्टेण्ड स्थित विजयगंज कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर स्थित नीम के पेड के समीप गणेश प्रतिमा पर भक्त जनों द्वारा आकर्षक श्रृंगार कर पूजा अर्चना का नित्य प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

राजसमन्द, (निसं)। जिले की प्रथम समूह की खेलकूद प्रतियोगिता तहत 17 एवं 19 वर्षीय छात्र - छात्रा लॉन टेनिस प्रतियोगिता में राउमावि एमडी, राउमावि मुण्डोल, द स्मार्ट स्टडी स्कूल कल्ला खेडी व सीबीए मजा के खिलाडियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना लोहा मनवाया एवं अपना दबदबा कायम किया।

प्रतियोगिता के संयोजक एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि हाल ही 8 सितम्बर से 11 सितम्बर तक केन्द्र द क्रिएटीव ब्रेन

■ **प्रतियोगिता के एकल मुकाबले में राउमावि एमडी, मुण्डोल, स्मार्टस्टडी व सीबीए का दबदबा**

एकेडमी मजा में आयोजित 33वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय छात्र -छात्रा लॉन-टेनिस प्रतियोगिता में बुधवार को हुए एकल मुकाबले में कडा संघर्ष करते हुए जिले की टीम में अपना स्थान पक्का किया। गुर्जर ने बताया की 17 वर्ष छात्र वर्ग में स्मार्ट स्टडी के सिद्ध डागलिया, शौर्य गुप्ता व सोहम भाटिया व सीबीए के प्रज्ञ शर्मा, समर्थ शर्मा एवं 17 वर्ष छात्रा में की राउमावि मुण्डोल कि हेमलता जाट, योगिता जाट, प्रिया कुंवर व सीबीए की मनस्वी लौहार, एमडी दिव्या कुमावत का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन किया गया। राउमावि एमडी खुशी कुमावत को आरक्षित के रूप में रखा गया है। प्रतियोगिता के सचिव एवं निर्णायक मण्डल सदस्य शैलेन्द्रसिंह भाटी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण शिविर 20 सितम्बर से 25 सितम्बर तक द क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी मजा में रखा गया है। चयनित छात्र - छात्रा 20 सितम्बर प्रात: 9 बजे तक तीन प्रति ऑन लाइन पात्रता प्रमाण पत्र मय चिकित्सा अधिकारी के मेडिकल प्रमाण पत्र एवं पूर्व की दो कक्षाओं की अंक तालिका व तीन आधार कार्ड की फोटो कॉपी सहित अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। साथ में एक फोटो संस्था प्रधान से प्रमाणित करा कर साथ में लाए। प्रतियोगिता के संयोजक ने बताया कि राउमावि एमडी रविना जाट ने 19 वर्ष छात्रा में प्रथम, काजल कुमावत ने 19 वर्ष छात्रा में द्वितीय स्थान व दिव्या कुमावत ने 17 वर्ष छात्रा एकल में तृतीय व 19 वर्ष छात्र वर्ग में सुमित सेन ने तृतीय व कुन्दन सिंह चतुर्थ स्थान पर रहे। खुशी कुमावत, दिव्या कुमावत, गोविन्दसिंह, शिवलाल पूर्बिया, हर्षित सालवी, गोरव गुर्जर, कुन्दनसिंह, सुमीत सेन, हिमांशु गुर्जर, करण पालीवाल आदि खिलाडियों ने टीम प्रभारी एवं टीम कोच निशा जांगीड व धर्मेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजसमन्द जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रमाण पत्र व गले में पदक के साथ मौजूद खिलाडी।

महर्षि दधीचि जयंती मनाई

राजसमन्द, (निसं)। महर्षि दधीचि सेवा संस्थान कांकरोली की ओर से बुधवार को महर्षि दधीचि जयंती कोयड रोड मेवाड कॉन्फ्रेंस भवन में मनाई गई। सुबह 10 बजे महारूद्राभिषेक से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पंडित महेशचंद्र दाधीच ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिवजी का अभिषेक किया। यह अभिषेक दोपहर 12 बजे तक चला। इसके बाद रक्तदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए। जिसमें करीब समाज के 25 युवाओं ने संकल्प पत्र भरे। जरूरत पडने पर रक्तदान करने का संकल्प लिया गया। इसके बाद दोपहर 1 बजे महिला मंडल की ओर से मंगल पाठ किया गया। दो बजे महर्षि दधीचि व कुलदेवी दधीमति माता की पूजा अर्चना की गई। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद महाआरती उतारी गई। इसके बाद 3 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुरेशचंद्र जोशी, मुख्य अतिथि सीबीईओ नरोत्तम दाधीच, विशिष्ट अतिथि खमनोर सीबीईओ कमलेश त्रिपाठी थे। इसमे देश भक्ति, भजन, कविता आदि की प्रस्तुतियां दी गई। वहीं समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व विशेष उपलब्धि अर्जित करने वाले समाज की विभूतियों को सम्मानित किया गया। पारितोषिक समाज के अध्यक्ष सुरेशचंद्र जोशी की ओर से दिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष शांतिलाल जोशी, सुधीर व्यास, सचिव डॉ एमएम आचार्य, सहसचिव अशोक त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष लादूलाल दाधीच, संगठन मंत्री महेशचंद्र जोधपुरिया आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में रामधारी सिंह दिनकर सदन प्रथम



हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते प्रशिक्षणार्थी।

बांसवाड़ा, (निसं)। भारतीय विद्या मंदिर बीएड कॉलेज में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. विशाल उपाध्याय की अध्यक्षता तथा संस्थान सचिव शांतिलाल सेठ के मुख्य आतिथ्य में साहित्यिक हिन्दी सामान्य ज्ञान तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि सेठ ने हिन्दी को सामान्य जन मानस की भाषा बताते हुए अधिक से अधिक इसका प्रयोग करने तथा हिन्दी ज्ञान में उत्तरोत्तर सुधार करने पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. उपाध्याय ने कहा कि हिन्दी भारत देश की संपर्क भाषा है। उन्होंने त्रिभाषा सूत्र की बात करते हुए कहा कि हिन्दी के साथ मातृ भाषा का भी संवर्धन आवश्यक है। उन्होंने नवीन शिक्षा नीति में भी इस संबंध में दिये गए निर्देशों से अवगत कराया।

प्रथम सत्र में साहित्यिक कार्यक्रम में बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थी रसना मालविया, पूजा भारती, मोईन सिंधी, बीएड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी दीक्षा भावसार, टीना, जगदीश, विनीत भोई, दीक्षा कुमारी ने प्रस्तुतियां दी। संकाय सदस्य आदित्य काले ने हिन्दी पर केन्द्रित गीत की प्रस्तुत दी वहीं डॉ. हेमेन्द्र त्रिवेदी व श्याम वसीटा ने अपने विचार व्यक्त किये। द्वितीय सत्र में हिन्दी विषय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में पांच सदनो में विभक्त प्रशिक्षणार्थियों से हिन्दी व्याकरण, साहित्य से संबन्धित प्रश्न पूछे गए।

प्रतियोगिता में रामधारी सिंह दिनकर सदन प्रथम तथा भारतेन्दु सदन द्वितीय स्थान पर रहे। प्रथम सत्र का संचालन सहायक आचार्य चन्द्रिका भावसार तथा द्वितीय सत्र का संचालन हिमेश उपाध्याय ने किया। आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय कंवर ने माना।